तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **रणजीत सिंह राठौड़** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353202335393174	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19/12/25	अपीलार्थी रणजीत सिंह राठौड़ निवासी 199 हनवंत ए बीजेएस कॉलोनी जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 16.11.2025 ग्राम पंचायत के गैर मुमकिन रास्ते से भू राजस्व अधिनियम धारा 91 के तहत हटाए गए अतिक्रमण के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं की सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपने पत्रांक 1264 दिनांक 02.12.2025 द्वारा अवगत करवाया है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना तहसीलदार, एसडीएम, ग्राम पंचायत व पुलिस विभाग से संबंधित होने के कारण कार्यालय के पत्रांक 21.11.2025 के द्वारा प्रार्थी को संबंधित विभागों को अलग–अलग प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने हेतु अवगत करवा दिया गया है। कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही शेष नहीं है। अतः लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) की उपरोक्त रिपोर्ट के आधार पर अपील स्वीकार योग्य नहीं होने के कारण खारिज की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.12.19 16:01:41 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19492296